तापमान
अधिकतम 37 .0 डिग्री
न्यूनतम 22 .1 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार, 23 सितंबर 2025

12 मंडियों में धान की खरीद शुरू किसानों को मिली भारी...



12 सेवा पखवाड़े के तहत दो स्वास्थ्य शिविरों में...



## श्रद्धालुओं ने की मां के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की अराधना

# शरदीय नवरात्रों के पहले दिन मां के मंदिरों में उमड़ी भीड़

***जिले की सीमा स्थित त्रिलोकपुर में मां बाला सुंदरी मंदिर में 14 दिवसीय मेले का शुभारंभ***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

शरदीय नवरात्र के प्रथम दिन सोमवार को जिले में स्थित मां जगत जननी आदि शक्ति के मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मां के प्रथम स्वरूप शैलपूत्री की पूजा अर्चना की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंचकर नारियल, चुनरी व अन्य फल फूल मां के चरणों में अर्पण कर अपने परिवार की सुख शांति के लिए मन्नत मांगी। वहीं, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश की सीमा पर त्रिलोकपुर में स्थित मां बाला सुंदरी के मंदिर में शरदीय नवरात्र के अवसर पर चौदह दिवसीय मेले का शुभारंभ किया।

सोमवार सुबह से ही मां के भक्त अपने नजदीक स्थित मां आदि शक्ति जगज जननी मां दुर्गा के मंदिरों में पहुंचने शुरू हो गए थे। मां के भक्तों ने मंदिरों में पहुंचकर मां के प्रथम स्वरूप शैलपूत्री के दर्शन किए और नारियल आदि चढ़ा कर मन्नत मांगी। सबसे ज्यादा पहले नवरात्र पर करीब दस हजार श्रद्धालु मां बाला सुंदरी के मंदिर में पहुंचे।

महामाया मां बाला सुंदरी मंदिर में वैसे तो वर्ष भर श्रद्धालुओं का आवागमन लगा रहता है। लेकिन वर्ष में दो बार मंदिर में अश्विनी व चैत्र मास के नवरात्रों में मेला लगता है। जिसमें लाखों की संख्या में दूर-दराज से माता के दर्शनों हेतु भक्त आते हैं।





यमुनानगर। सीमा स्थित त्रिलोकपुर में मां बाला सुंदरी मंदिर में माथा टेकने जाते हुए व मंदिर के नजदीक लगी दुकानों से पूजा का सामान खरीदता श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### सदियों पुराना है मंदिर का इतिहास

हरियाणा की सीमा से सटा अति शांत एवं सुरम्य प्राकृतिक परिवेश में स्थित मां बाला सुंदरी के मंदिर का इतिहास लगभग 436 साल पुराना है। त्रिपुरबाला, बालासुंदरी व त्रिभवानी तीनों देवियों के यहां विराजमान होने से यहां का नाम त्रिलोकपुर पड़ा। माता बालासुंदरी के भवन से ढ़ाई किलो मीटर दूर पूर्व दिशा में त्रिपुरा बाला ललिता देवी तथा दस किलो मीटर दूर उत्तर पश्चिम दिशा में त्रिभवानी का मंदिर स्थित है। इन दोनों देवियों के मध्य में माता ने स्थान ग्रहण किया है।

## नवरात्रों की वजह से प्रमुख मंदिरों को सजाया गया, पूरे दिन मंदिरों में बजती रही घंटियां

- माता के दर्शनों के लिए चंडीगढ़ हिमाचल और पंजाब से भी आ रहे भक्तजन

अंबाला। शारदीय नवरात्रों के पहले दिन मंदिरों में खूब भीड़ रही। खासकर दुर्गा मंदिरों में भक्तों का ताता लगा रहा। इसी वजह से पूरे शहर का वातावरण में भक्ति का माहौल बना हुआ है। प्रमुख मंदिरों को सजाया गया, पूरे दिन मंदिरों में घंटियां बजती रही। मंदिरों में कलश स्थापना के साथ नवरात्रों की शुरुआत हुई। यहां लोग मां भगवती की पूजा-अर्चना में जुटे रहे। ट्विन सिटी के प्रमुख दुर्गा मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। लोग सुबह-सुबह मंदिरों में पहुंचकर विधिपूर्वक पूजा-अर्चना करने पहुंचे। पहले दिन मां दुर्गा के पहले स्वरूप शैलपुत्री की पूजा की जा रही है। भक्त इस दिन को खास मानते हुए व्रत रखते हैं और श्रद्धा के साथ मां से आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए संकल्प लेते हैं। मंदिरों के भीतर हर ओर भव्य सजावट की गई है, और देववाणी से गूंजते भजन और कीर्तन भक्तों को एक अलौकिक अनुभव प्रदान कर रहे हैं। इस दिन खासतौर पर मंदिरों में विशेष पूजा समारोह आयोजित किए गए हैं, जिनमें पंडितगण वैदिक मंत्रों से वातावरण को भक्तिमय बना रहे हैं। श्रद्धालु भी पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ मां भगवती से सुख, समृद्धि, और स्वास्थ्य की कामना कर रहे हैं। अंबाला शहर के प्राचीन मां अंबिका मंदिर के पुजारी रवि शर्मा, जितेंद्र शर्मा व अमित शर्मा ने बताया कि माता के दर्शनों के लिए भक्तजन चंडीगढ़, हिमाचल व पंजाब से भी आ रहे हैं। उनकी मन्नतें संपूर्ण हुई हैं। वह भक्त मां के दरबार में भोग लगवाकर प्रसाद बांट रहे हैं। मंदिर परिसर में प्रतिदिन शाम चार से सात बजे तक महिला संकीर्तन मंडली की ओर से मां की महिमा का गुणगान किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### हेरोइन सहित महिला को किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी केजवाहर पार्क हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी के पास से नशा तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी महिला को 35 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए-2 निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि 21 सितंबर 2025 को पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी महिला मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करती है। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पास पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान उसे काबू किया। उसकी विधिनुसार तलाशी लेने पर उससे 35 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी अनिकेत व ऋषभ को गिरफ्तार किया है। एसएचओ अंबाला छावनी ने बताया कि अग्रसेन नगर के राजिंद्र ने 19 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि कोहार बिरादरी धर्मशाला अम्बाला छावनी से आरोपी ने पानी की टोंटियां, बिजली फिटिंग की तारें व बर्तन इत्यादि चोरी कर लिए है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### पुलिस ने आरोपी श्याम लाल को पकड़ा

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी श्याम लाल को गिरफ्तार किया है। राणा कांप्लेक्स के रहने वाले जॉन विक्टर लाजरस ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 25 अगस्त 2025 से 2 सितंबर 2025 के दौरान आरोपी ने उसके घर में घुस कर टोटियां नकदी व अन्य सामान चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चूरापोस्त के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पड़ाव में दर्ज नशा तस्करी के मामले में एएनसी ने मध्यप्रदेश के रहने वाले आरोपी मुकेश को गिरफ्तार किया है। उसे चार दिन के रिमांड पर लिया गया है। इस मामले में 17 सितंबर 2025 को गिरफ्तार आरोपी संदीप सिंह ने रिमांड के दौरान आरोपी मुकेश के संलिप्त होने का खुलासा किया था। एएनसी के निरीक्षक ऋषि पाल ने बताया कि जांच टीम ने लवली ढाबा मोहडा के पास से ट्रक चालक संदीप सिंह के कब्जे से 8 किलो 250 ग्राम चूरापोस्त बरामद किया था।

### रंगदारी मांगने वाले आरोपी को पकड़ा

**पानीपत।** थाना औद्योगिक सेक्टर 29 पुलिस ने विकास नगर निवासी व्यक्ति से जबरन वसूली का दबाव बनाने व धमकी देने के मामले में आरोपी चुलकाना निवासी कल्लू को रविवार शाम को विकास नगर से गिरफ्तार किया। जबरन वसूली का दबाव बनाने के लिए आरोपी ने व्यक्ति के बेटे से बाइक छीनकर धमकी भी दी थी। थानेदार अनिल ने बताया कि कल्लू के कब्जे से छीनी गई बाइक बरामद की है।

## सफाई के लिए अब नगर परिषद के सभी वार्डों को जोन में बांटने की तैयारी

# डंपिंग जोन से कूड़े की समस्या का समाधान न करने पर ठेकेदार पर 11 लाख का जुर्माना

***लोगों ने कूड़े की समस्या से परेशान होकर लगाई थी गुहार***

*▸▸ठेकेदार को चेतावनी भी दी गई है कि वह अपनी कार्यशैली में सुधार कर लें, अन्यथा उसके ठेके को रद कर दिया जाएगा। साथ ही उसे ब्लैक लिस्ट भी किया जाएगा। दरअसल वार्ड नंबर 24 में 12 क्रॉस रोड पर बने डंपिंग जोन को लेकर स्थानीय निवासियों को पिछले काफी समय से दिक्कत झेलनी पड़ रही थी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

नगर परिषद ने डोर-टू-डोर ठेकेदार पर 11 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। इसमें ढाई लाख रुपये का जुर्माना 12 क्रॉस रोड पर बनाए गए डंपिंग जोन से कूड़े का निस्तारण न करने के लिए लगाया गया है। बाकायदा इस संबंध में ठेकेदार को नोटिस भी जारी किया गया है कि वह रोजाना डंपिंग जोन से पूरा कूड़ा उठाएगा ताकि गंदगी नजर न आए।

सभी वार्ड की गलियों से कूड़ा न उठाने को लेकर नगर परिषद ने 8.30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। ठेकेदार को चेतावनी भी दी गई है कि वह अपनी कार्यशैली में सुधार कर



लें, अन्यथा उसके ठेके को रद कर दिया जाएगा। साथ ही उसे ब्लैक लिस्ट भी किया जाएगा। दरअसल वार्ड नंबर 24 में 12 क्रॉस रोड पर बने डंपिंग जोन को लेकर स्थानीय निवासियों को पिछले काफी समय से दिक्कत झेलनी पड़ रही थी।

दुर्गंध के कारण पूरा क्षेत्र दुर्गंध से भरा रहता था, वहीं बेसहारा गोवंश भी कूड़े के ढेर में मुंह मारते रहते थे जोकि आपस में भिड़ते हुए सड़क पर आ रहे थे और इससे दुर्घटनाओं की भी संभावना बनी थी। इन समस्याओं के समाधान के लिए स्थानीय लोगों ने नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी सहित वार्ड पार्षद को गुहार लगाई थी, इसके बाद मौखिक तौर पर कई बार ठेकेदार को व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए गए, लेकिन उसने अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं किया। इसी वजह से उसे नोटिस जारी करने के बाद जुर्माने की कार्रवाई आरंभ कर दी गई।

### नई योजना तैयार

नगर परिषद ने अंबाला छावनी को गंदगी मुक्त करने के लिए नई योजना तैयार की है। इस संबंध में प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है कि छावनी क्षेत्र को चार अलग-अलग जोन में बांटा जाए और प्रत्येक जोन की सफाई का ठेका अलग-अलग एजेंसियों को दिया जाए। इसके अलावा आबादी क्षेत्र से बाहर डंपिंग जोन बनाया जाए ताकि स्थानीय निवासिया को परेशानी का सामना न करना पड़े। इस प्रस्ताव के धरातल पर उतरने से लोगों को काफी राहत मिलेगी और इससे एक ठेकेदार की मनमर्जी भी खत्म हो जाएगी।

## दंपत्ति को अमेरिका भेजने के नाम पर हड़पे 14 लाख रुपये

**पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

दंपत्ति को अमेरिका भेजने के नाम पर 14 लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप तलविंद्र सिंह व मनजीत सिंह पर लगा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सरस्वती नगर निवासी प्रभजोत कौर ने थाना छप्पर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह और उसका पति विक्रम जीत सिंह काम की तलाश में अमेरिका जाना चाहते थे। इस दौरान उन्हें पता चला कि तलविंद्र सिंह व मनजीत सिंह लोगों को विदेश भेजने का काम करते हैं। एक अगस्त 2024 को वह दोनों आरोपियों को सरस्वती नगर में मिले। इस दौरान आरोपियों ने उन्हें बताया कि उन्होंने बहुत लोगों को विदेश भेजकर रोजगार दिलवाया है। वह उन दोनों को अमेरिका भेज देंगे। इसके लिए आरोपियों ने उनसे 14 लाख रुपये व जरूरी दस्तावेज ले लिए। आरोपियों ने उन्हें जल्द अमेरिका भेजने का आश्वासन दिया। मगर काफी दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों ने उन्हें अमेरिका नहीं भेजा। जब उसने आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर जब उसने आरोपियों से पैसे वापस मांगे तो उन्होंने पैसे देने से मना कर दिया और उनके साथ गाली गलौच की। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



पानीपत। ई व ऑटो रिक्शा चालकों को संबोधित करते हुए कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रमेश मलिक। फोटो : हरिभूमि

### ओड इवन फॉर्मूला के विरोध में ऑटो व ई रिक्शा चालकों ने किया प्रदर्शन

**पानीपत।** पानीपत सिटी में ऑटो व ई रिक्शा पर ओड इवन का फॉर्मूला नियमित रूप से लागू किए जाने के विरोध में सोमवार को ऑटो व ई रिक्शा चालकों ने प्रदर्शन किया। वहीं चालकों के आंदोलन को कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ग्रामीण रमेश मलिक व सचिन कुंडू ने भी समर्थन देते हुए कहा कि ऑटो व ई रिक्शा चालक गरीब तबके के है। ओड इवन का फॉर्मूला से चालकों की रोजी रोटी पर संकट आ गया है। वहीं, ऑटो और ई रिक्शा ड्राइवर अनाज मंडी में इकट्ठा हुए और जुलूस निकाल प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। दूसरी ओर, ऑटो व ई रिक्शा चालक यूनियन के नेता बबलू का आरोप है कि ई व ऑटो रिक्शा चालकों को बहकाया जा रहा है। वहीं ओड इवन का फॉर्मूला जनता व चालकों के हित में है। उन्होंने पुलिस से आग्रह किया कि चालकों के उन नेताओं पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए जो निर्धन ऑटो व ई रिक्शा चालकों की सौ सौ रूपये की पर्ची काट रहे है। वहीं उन्होंने पुलिस से ओड इवन का फॉर्मूला का पालन करने वाले चालकों के वाहनों का चालान नहीं करने की अपील की।

#### अज्ञात पर केस दर्ज

### मोबाइल पर लिंक भेजकर व्यक्ति के अकाउंट से निकाले 7.89 लाख रुपये

- ठगों ने नेट बैंकिंग बंद करने के लिए व्यक्ति के व्हाट्सएप पर भेजी थी लिंक फाइल

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने मोबाइल के व्हाट्सएप में लिंक भेजकर जगाधरी निवासी मदन लाल के अकाउंट से 7.89 लाख रुपये निकाल लिए। ठगों ने नेट बैंकिंग बंद करने के लिए मदन लाल के व्हाट्सएप पर लिंक फाइल भेजी थी। उसके क्लिक करते ही अकाउंट से पैसे कटने शुरू हो गए। साइबर थाना पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जगाधरी में पुलिस लाइन समीप रहने वाले मदनलाल ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 19 सितंबर को उनके मोबाइल के व्हाट्सएप पर एपीके फाइल भेजी गई। बताया गया कि यह फाइल नेट बैंकिंग बंद करने के लिए है। जब उसने लिंक फाइल पर क्लिक किया तो उसका फोन हैंग हो गया। जब कुछ देर बाद उसका मोबाइल ठीक हुआ तो उसके मोबाइल पर उसके अकाउंट से 7.89 लाख रुपये ट्रांसफर किए जाने का मैसेज आया। उसने बैंक में जाकर पता किया तो उसके अकाउंट से पैसे ट्रांसफर किए गए थे। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी।

#### पुलिस की पांच टीमें जांच में जुटी

### कंबल उद्यमी के घर से 20 लाख कैश व एक करोड का सोना चोरी

- देहरादून गया था का उद्यमी परिवार, चोरी की इस वारदात से शहर निवासियों में दहशत

**पानीपत।** अति सुरक्षित माने जाने वाले हुडा सेक्टर 12 निवासी कंबल के बड़े उद्यमी ओमप्रकाश कटारिया के घर से चोरों ने करीब 20 लाख की नगदी व एक किलो से अधिक मात्रा में सोना चोरी कर लिया। वहीं चोरी हुए सोने की खेप में करीब 55 तोले से ज्यादा के जेवर शामिल है। चोरी की वारदात के दौरान कटारिया परिवार देहरादून गया हुआ था। वापस घर लौटा तो घर में चोरी होने की घटना का पता चला। चोर, छत के रास्ते घर में घुसे और नगदी व सोना चोरी कर ले गए। इधर, ओम प्रकाश कटारिया की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने जिला भर में चोरी की इस बड़ी वारदात की जानकारी देकर पुलिस को अलर्ट कर दिया। एफएसएल की टीम ने भी घटनास्थल की जांच की और चोरों के हाथों आदि के निशान लिए। इधर, थाना चांदनी बाग पुलिस ने ओमप्रकाश कटारिया के पुत्र गौरव कटारिया की शिकायत पर अज्ञात चोरों पर बीएनएस की धारा 305 और 331 के तहत केस दर्ज किया गया है। गौरव ने बताया कि वे 19 सितंबर को परिवार के साथ देहरादून गए थे।

#### दो लाख रुपये जुर्मान

### कोर्ट ने मादक पदार्थ तस्कर को 15 साल की कैद की सजा सुनाई

- सरकारी वकील कुलदीप ढुल ने आरोपी सितेंद्र के खिलाफ साक्ष्यों के साथ सशक्त पैरवी की

**पानीपत।** एडिशनल सेशन जज फास्ट ट्रेक कोर्ट एनडीपीस योगेश चौधरी ने मादक पदार्थ तस्करी के आरोपी सितेंद्र सिंह उर्फ पोरस पुत्र राम सिंह निवासी गांव मछरौली जिला पानीपत को दोषी करार देते हुए 15 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। वहीं सितेंद्र पर दो लाख रुपये का जुर्माना किया। जुर्माना नहीं देने पर दोषी सितेंद्र को दो साल का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। स्मरणीय है कि पानीपत पुलिस की सीआईए वन ने सितेंद्र को करीब 110 किलोग्राम मादक पदाथ चूरा व डोडा पोस्त के साथ पकड़ा था। मादक पदार्थ की यह खेप सितेंद्र के कैंटर में लदी थी। इधर, सीआईए वन एसआई श्रीकृष्ण की शिकायत पर थाना चांदनी बाग पुलिस ने सितेंद्र के खिलाफ 15(सी) एनडीपीएस एक्ट 1985 के तहत केस दर्ज किया और बरामद मादक पदार्थ को केस की जांच के लिए इंपाउंड कर लिया। इधर, एएसजे योगेश चौधरी की अदालत में सरकारी वकील कुलदीप ढुल ने आरोपी सितेंद्र के खिलाफ साक्ष्यों के साथ सशक्त पैरवी की।

#### कोर्ट से नरमी बरतने की गुहार

### ठगी के मामले में तीन साल की सजा, दस हजार जुर्माना लगाया

- जुर्माना न चुकाने पर दोषी को एक महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा

**अंबाला।** धोखाधड़ी और बेईमानी से संपत्ति प्राप्त करने के मामले में अदालत ने दोषी तेजिंदर सिंह को तीन साल कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना न चुकाने पर दोषी को एक महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। तेजिंदर सिंह ने जांच, पूछताछ या मुकदमे के दौरान जेल में जितना समय बिताया है उसे उसकी सजा में से कम कर दिया जाएगा। शिकायतकर्ता के वकील ने तर्क दिया कि दोषी को अपराध के लिए कानून में निर्धारित सजा मिलनी चाहिए। दोषी तेजिंदर सिंह ने अपने वकील के माध्यम से कोर्ट से नरमी बरतने की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि वह एक गरीब व्यक्ति हैं और अपने परिवार में अकेले कमाने वाले हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी बेटी शादी के योग्य है।

# धान में नमी की मात्रा ज्यादा होने के कारण खरीद शुरू नहीं हो पाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा

प्रदेश सरकार की ओर से धान की सरकारी खरीद शुरू कर दी है, लेकिन घरौंडा नई अनाज मंडी में धान में नमी की मात्रा ज्यादा होने के कारण खरीद शुरू नहीं हो पाई है। खरीद के पहले दिन लगभग पांच क्विंटल धान मंडी में पहुंची है। मार्केट कमेटी के सचिव चंद्रप्रकाश ने किसानों से अपील कि है कि किसान सूखा कर लेकर आए ताकि किसानों की धान खरीदने में दिक्कत न हो।

सरकार ने सोमवार से धान की खरीद करने के आदेश जारी कर दिए हैं। मंडी में धान की आवक भी शुरू हो चुकी है, लेकिन अभी धान में नमी की मात्रा ज्यादा है। हालांकि मंडी में धान खरीद के लिए तीन एजेंसी नियुक्त कर दी है। सोमवार को पहले दिन की धान की खरीद नहीं हो पाई है।



घरौंडा। मंडी में पड़ी धान धान। फोटो : हरिभूमि

### धान के लिए तीन एजेंसी नियुक्त

मंडी में धान की खरीद करने के लिए तीन एजेंसी नियुक्त कर दी है। जिसमें खाद्य व आपूर्ति, हरियाणा वेयर हाउस व हैफेड सरकारी एजेंसी नियुक्त की गई है। मार्केट कमेटी के सचिव चंद्रप्रकाश ने बताया कि मंडी में पीआर की धान की आवक शुरू हो गई है। सरकारों खरीद के पहले दिन मंडी में लगभग पांच सौ क्विंटल धान की आवक हुई है, लेकिन धान में नमी ज्यादा होने के कारण खरीद नहीं हो पाई है।

## पुलिस ने चार देसी कट्टे और चार जिंदा रौंद बरामद किया

# हथियारों सहित कैथल के पांच शूटर गिरफ्तार

***जिले में गोलीबारी की वारदात से जुड़े हैं तार***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

सीआई 2 की टीम ने अवैध हथियारों समेत 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से 4 देसी कट्टे, 4 कारतूस और एक कार बरामद हुई। पुलिस को शक है कि इन आरोपियों के तार चैतन्य आईलेट्स सेंटर पर फायरिंग करने वाले शूटर्स से जुड़े हैं।

पूछताछ के बाद पुलिस ने उनके एक और साथी को पकड़ा। जानकारी देते हुए अतिरिक्त अधीक्षक प्रतीक गहलोत ने बताया कि अपराध अन्वेषण शाखा-2 के सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र कुमार, लखन सिंह, रामकुमार, मुख्य सिपाही ललित कुमार, गुरमीत सिंह व गाड़ी सरकारी के अपराध तलाश में जिंदल चौंक सेक्टर-3 के पास मौजूद थी। पुलिस टीम को सूचना मिली कि एक आरोपी विदेश में रहकर हरियाणा पंजाब में दूसरे सदस्यों से वारदात करवाता है। आज भी एक कार में चार आरोपी नाजायज हथियार व एम्युनिशन लेकर देवीलाल पार्क के पास खड़े हैं जो किसी बड़ी वारदात को अंजाम दे सकते हैं। सूचना पर पुलिस टीम देवीलाल पार्क की पार्किंग के पास पहुंची जहां पर मिली सूचना अनुसार एक कार खड़ी दिखाई दी।



कुरुक्षेत्र। जानकारी देते अतिरिक्त अधीक्षक प्रतीक गहलोत। फोटो : हरिभूमि

### आपराधिक रिकॉर्ड खंगाल रही पुलिस

पुलिस टीम ने कार में बैठे चारों आरोपियों को काबू किया। पुलिस टीम द्वारा नामपता पूछने पर आरोपियों ने अपना नाम अभिषेक उर्फ गोलू, गुरदीप सिंह, दीपक व विक्रम वासीयान मटोर जिला कैथल बताया। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों की तलाशी लेने पर प्रत्येक आरोपी से 1/1 देसी कट्टा वह 1/1 जिंदा रौंद कुल 4 देसी कट्टे तथा 4 जिन्दा रौन्द बरामद हुए। आरोपियों के खिलाफ थाना सदर थानेसर में मामला दर्ज करके आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने आरोपियों के एक और साथी मोहित वासी मटोर जिला कैथल को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उनका आपराधिक रिकॉर्ड खंगाल रही है।

## खबर संक्षेप

### 25 को होगा लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारम्भ

**करनाल।** अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने जानकारी दी कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 25 सितंबर को पंचकूला से दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारम्भ करेंगे। इस अवसर पर प्रदेशभर में जिला मुख्यालय, उप-मंडल और महाग्राम स्तर पर कार्यक्रम आयोजित होंगे। करनाल जिला स्तरीय कार्यक्रम में केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे, जबकि घरौंडा उपमंडल कार्यक्रम में विधायक जगमोहन आनंद मुख्य अतिथि होंगे।

### गो चिकित्सालय की रखी आधारशिला

**करनाल।** नवरात्र के अवसर पर गौकर्ण गऊ सेवा संस्था द्वारा बजीदा रोड पर गौकर्ण गऊ चिकित्सालय की आधारशिला रखी गई। विधायक जगमोहन आनंद और सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा ने शिरकत की। चिकित्सालय में निराश्रित और बीमार गौवंश का निशुल्क इलाज होगा। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि संस्था गऊ सेवा में निरंतर कार्यरत है और चिकित्सालय का निर्माण समाज के लिए गौरव की बात है। संस्था प्रधान दिनेश गौकर्ण ने बताया कि यह चिकित्सालय महाराजा अग्रसेन के "एक ईंट, एक रुपया" के संदेश की तर्ज पर समाज से सहयोग लेकर बनाया जा रहा है। संस्था 2018 से सक्रिय है।

## अग्रवाल सभा ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया

# राम राज्य के समर्थक एवं समाजवाद के प्रथम प्रणेता थे महाराजा अग्रसेन: गोयल

- शोभायात्रा का जगह-जगह फूल मालाओं से किया स्वागत
- महाराजा अग्रसेन के जीवन को बताया प्रेरणा स्रोत

शोभा यात्रा मे महाराज अग्रसेन की झांकी, कुलदेवी महालक्ष्मी व 18 राजकुमार घोड़ों पर सवार होकर सैलीब्रेशन पैलेस पहुंची। इस शोभा यात्रा को गलैक्सी इन्टरनैशल के एमडी विजय गोयल ने झंडी देकर रवाना किया, जगह-जगह भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित महाराज अग्रसेन जयन्ती के कार्यक्रम मे गैलेक्सी बासमती चावल के एमडी विजय गोयल ने कहा कि महाराज अग्रसेन व्यापारियों के शहर अग्रोहा के एक महान भारतीय राजा थे । महाराजा अग्रसेन का जन्म क्षत्रिय कुल में हुआ था। महाराजा अग्रसेन एक वेदिक समाजवाद के प्रर्वतक, युग पुरुष, राम राज्य के समर्थक एवं महादानी एवं समाजवाद के प्रथम प्रणेता थे।

वह सोमवार को तरावड़ी में आयोजित महाराजा अग्रसेन जयंती अवसर पर मुख्यअथिति के रूप उपस्थित अग्र समाज को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर विजय गोयल ने कहा कि अपने क्षेत्र में सच्चे समाजवाद की स्थापना हेतु महाराजा अग्रसेन ने नियम बनाया था कि उनके नगर में बाहर से आकर बसने वाले हर व्यक्ति की सहायता के लिए नगर का प्रत्येक निवासी उसे एक रुपया नगद व एक ईंट देगा, जिससे आसानी से उसके लिए निवास स्थान व व्यापार करने के लिये धन का प्रबन्ध हो जाए। उन्होंने पुनः वैदिक सनातन आर्य सस्कृंति की मूल मान्यताओं को लागू कर राज्य के पुनर्गठन में कृषि-व्यापार, उद्योग, गौपालन के विकास के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की पुनः प्रतिष्ठा का बीड़ा उठाया।



तरावड़ी। कार्यक्रम मे ज्योति प्रज्जवालित करते गणमान्य लोग व प्रधान रमेश गुप्ता। फोटो: हरिभूमि



तरावड़ी। अग्रसैन जयन्ती मे कार्यक्रम मे उपस्थित अतिथिगण व मुख्यअतिथि को सम्मानित करते हुये सभा के प्रधान रमेश गुप्ता।

### भव्य व गरिमामयी कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर नाथी राम गुप्ता, संरक्षक रोशन लाल गुप्ता, अनिल गुप्ता, राजकुमार तायल, राकेश गुप्ता, संजय सिंगला, राजेश सिंगला, जातिन सिंगला, प्रमोद सिंगला, मुकेश गर्ग, राकेश गर्ग, संजय बंसल, सुशील गुप्ता, सुरेन्द्र बंसल, प्रमोद गोयल, दीपक गोयल, शीशपाल गुप्ता, विरेन्द्र बंसल, तरुण बंसल, विजय सिंगला, बृजमोहन गर्ग, विमल गर्ग और प्रमोद मित्तल के अलावा अग्र समाज की महिलाएं और पुरुष मौजूद थे।

### महाराजा अग्रसेन की महिमा का किया गुणगान

आज के कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि श्री राम राईस यूनिट के एमडी रविन्द्र सिंगला, विशिष्ट अतिथि नरेश गर्ग व राघव इन्डस्ट्रीज के राकेश गर्ग, कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप मे जानकी दास राईस मिल के देवेन्द्र सिंगला उपस्थित थे। कार्यक्रम मे अग्रवाल सभा के प्रधान रमेश गुप्ता ने कहा कि महाराजा अग्रसेन उन महान विभूतियों में से थे जो सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखायः कृत्यों द्वारा युगों-युगों तक अमर रहेंगे। आज भी इतिहास में महाराज अग्रसेन परम प्रतापी, धार्मिक, सहिष्णु, समाजवाद के प्रेरक महापुरुष के रूप में उल्लेखित हैं। देश में जगह-जगह अस्पताल, स्कूल, बावड़ी, धर्मशालाएँ आदि अग्रसेन के जीवन मूल्यों का आधार हैं और ये जीवन मूल्य मानव आस्था के प्रतीक हैं। इससे पहले आज अग्रवाल धर्मशाला तरावड़ी में सुबह महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा को गंगाजल से स्नान करवाया और हवन यज्ञ किया गया। उसके बाद हनुमान मंदिर से शोभा यात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा मे महाराज अग्रसेन जी की झांकी, कुलदेवी महालक्ष्मी व 18 राजकुमार घोड़ों पर सवार होकर शोभा यात्रा सैलीब्रेशन पैलेस पहुंची। इस शोभा यात्रा को गलैक्सी इन्टरनैशल के एमडी विजय गोयल ने झंडी देकर रवाना किया।

## न्यूज डायरी



### लायंस क्लब नई टीम ने संभाली जिम्मेदारी

**करनाल।** लायंस क्लब करनाल सेंट्रल का शपथ ग्रहण समारोह शहर के एक निजी रेस्टोरेंट में आयोजित हुआ। इस अवसर पर नव-निर्वाचित अध्यक्ष मोहन लोधी सहित पदाधिकारियों ने पद की गरिमा निभाने और समाज सेवा के कार्यों को गति देने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि लायन दिनेश बत्तरा, उमेश गर्ग एमजेएफ और आरएन गुप्ता ने क्लब का इतिहास और सामाजिक योगदान की जानकारी दी। समारोह में राजेश सैनी, पंकिल गोयल, सुभाष बंसल, विशाल भुटानी, मनीष तनेजा, अजीत जैन, राजेश सिंगला, अजय गोयल, राजीव भुटानी, प्रवीण सैनी व जसविंद्र सिंह सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।



### कांग्रेस का 'विपक्ष आपके समक्ष' अभियान शुरू

**करनाल।** कांग्रेस शहरी जिला प्रधान पराग गाबा ने करनाल में 'विपक्ष आपके समक्ष' अभियान की शुरुआत वार्ड-1 के कैलाश गांव से की। बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी में पराग गाबा ने कहा कि भाजपा सरकार ने महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की समस्याओं से जनता की कमर तोड़ दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकतंत्र पर सबसे बड़ा हमला वोट चोरी के रूप में हो रहा है और भाजपा मशीनों के जरिए चुनाव में धांधली कर रही है। इस मौके पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, पूर्व मंत्री भीम सैन मेहता, पूर्व मेयर प्रत्याशी मनोज वधवा और युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजत लाठर ने भी भाजपा पर निशाना साधा। कार्यक्रम के आयोजक अंकित चौहान और बिंदर पोसवाल रहे। मौके पर पंकज गाबा, राजेश चौधरी, ओमप्रकाश सलूजा, जीतराम कश्यप, रोहित जोशी, पंकज पाल, जोगेंद्र वाल्मीकि, जसबीर पन्नु, ललित आहुजा, नवनीत रंधावा, शेर सिंह नंबरदार आदि रहे।



### रक्तदान से दूसरों को दे सकते हैं नई जिंदगी : विधायक

**करनाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चल रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत खंड कार्यालय असंध में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक योगेंद्र राणा ने किया और रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है, जिससे न केवल जरूरतमंद की जान बचती है, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना भी मजबूत होती है। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र नरवाल, नगरपालिका चेयरमैन सुनीता अरडाना, ब्लॉक समिति चेयरमैन विक्रमजीत सिंह, असंध मंडल अध्यक्ष हिमांशु छाबड़ा, बल्ला मंडल अध्यक्ष जयभगवान जांगड़ा, महामंत्री रणदीप सिंह, पूर्व अध्यक्ष अमित राणा, विनय राणा और मास्टर अजय सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### महाराजा अग्रसेन जयंती के कार्यक्रमों पर बनी रणनीति

**करनाल।** अग्रकुल सेवा संस्था की कार्यसमिति की बैठक श्रीकृष्ण मंदिर सेक्टर-14 में हुई, जिसकी अध्यक्षता संस्था प्रधान विनोद गुप्ता ने की। बैठक में महाराजा अग्रसेन जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। विनोद गुप्ता ने बताया कि 5 अक्तूबर को मानव सेवा संघ प्रांगण में विशाल रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। वहीं 12 अक्तूबर को मंगलसैन ऑडिटोरियम में मुंबई के राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों द्वारा महाराजा अग्रसेन के जीवन पर आधारित नाट्य मंचन किया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि आरएसएस के उत्तरी भारत प्रमुख पवन जिंदल होंगे, जबकि अति विशिष्ट अतिथि राई स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर अशोक कुमार (सेवानिवृत्त आईपीएस) होंगे।

### ब्रह्माकुमारी संस्था ने किया खिलाड़ियों का सम्मान

**करनाल।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेक्टर-7 सेवा केंद्र और राजयोगा एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के स्पोर्ट्स विंग द्वारा "राजयोग मेडिटेशन से खिलाड़ियों का सशक्तिकरण" विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय और जिला स्तर के विजेता खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह, मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला खेल अधिकारी राजबीर सिंह रंगा, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर सुमित नरवाल और प्रो. डॉ. बलबीर सिंह मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने खिलाड़ियों को सकारात्मक सोच, अनुशासन और ध्यान को जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। राजयोगी भ्राता मेहरचंद ने मेजर ध्यानचंद के देशप्रेम का उदाहरण देते हुए कहा कि हर खिलाड़ी को मैदान में उतरने से पहले मन को शांत रखना चाहिए।



### योगेश वर्मा बने युवा फाउंडेशन कार्यकारिणी के प्रधान

**घरौंडा।** घरौंडा सामाजिक संस्था युवा फाउंडेशन कार्यकारिणी के विस्तार हेतु एक अहम मीटिंग का आयोजन एक निजी रेस्टॉरेंट मे किया गया। जिसमे सर्वसम्मति से योगेश वर्मा को कार्यकारिणी का प्रधान नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी की चुनावी प्रक्रिया मास्टर योगेंदर शर्मा के नेतृत्व में सम्पूर्ण की गई जिसमे सर्वसम्मति से पदभार की जिम्मेवारी सौंपी गई। कार्यकारी प्रधान रिंकू राणा को बनाया गया। उन्होंने बताया कि युवा फाउंडेशन हरियाणा का गठन सामाजिक कार्यो व मानव सेवा सहयोग ले लिए किया गया है। अनुशासन, एकता, सहयोग एवं परिवर्तन हमारे मुख्य उद्देश्य है। उसके साथ ही क्षेत्र के सेवा कार्यो में पौधरोपण, नशामुक्ति अभियान, रक्तदान शिविर, सामाजिक समस्याओ को प्रशासन तक मांग पत्र अनुसार पहुँचाना, शहीदो के चौक व प्रतिमाओं की साफ सफाई हेतु अभियान चलाना, पोलोथीन मुक्त अभियान, जल बचाओ अभियान जैसे कई एजेंडे फाउंडेशन के माध्यम से पूरे किये जाएंगे। नवनियुक्त प्रधान बने योगेश वर्मा ने बताया कि कार्यकारिणी ने जो मुझे जिम्मेदारी दी है उसे हम पूरी निष्ठा और सद्भावना के साथ निभाएंगे ।

## 18 लाख की लागत से बने महिला सांस्कृतिक केंद्र

- विधायक ने गांव रैतखाना, खानपुर व फूसगढ़ में 18 लाख की लागत से बने महिला सांस्कृतिक केंद्रों का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री



इंद्री। महिला सांस्कृतिक केंद्रों के उद्घाटन अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते विधायक रामकुमार कश्यप। फोटो: हरिभूमि

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने इंद्री के गांव रैतखाना, खानपुर व फूसगढ़ में करीब 18 लाख की लागत से बने महिला सांस्कृतिक केंद्रों का उद्घाटन किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं के सर्वांगीण विकास और सशक्तिकरण के लिए लगातार काम कर रही है। इसी कड़ी में ये सांस्कृतिक केंद्र महिलाओं को अपनी प्रतिभा और कौशल को निखारने के लिए नए अवसर प्रदान करेंगे, जिससे समाज में उनकी भागीदारी और भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक केंद्र न केवल महिलाओं को एक मंच प्रदान करेंगे, बल्कि उन्हें अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करने और एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करने का अवसर भी देंगे। इन केंद्रों से क्षेत्र की महिलाओं को न केवल सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़ने का अवसर मिलेगा, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भरता और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में भी नई राह मिलेगी।

योजना के अंतर्गत पहले चरण में उन परिवारों को शामिल किया जाएगा जिनकी वार्षिक आय 1 लाख रुपये से कम है। आने वाले समय में, चरणबद्ध तरीके से अन्य आय समूहों को भी इस योजना में शामिल किया जाएगा।

### लाडो योजना की दी जानकारी

विधायक ने कहा कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती अर्थात 25 सितंबर से प्रदेश में दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना शुभारम्भ होगा। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 2100 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। यह योजना 'सशक्त-महिला, समृद्ध-समाज, विकसित-हरियाणा' के विजन को और मजबूत बनाएगी है। इस पहल से महिलाएं न केवल परिवार की आय में योगदान देंगी, बल्कि आत्मविश्वास के साथ समाज में भी अपनी भूमिका निभाएंगी।

## रक्तदान मानवता हित का सर्वोत्तम कार्य: कल्याण

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष में सेवा पखवाड़े के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा



घरौंडा। सेवा पखवाड़े के तहत मधुबन मंडल के शक्ति केंद्र गांव कालरम में रक्तदान शिविर में मौजूद विधाधक योगेंद्र राणा व अन्य। फोटो: हरिभूमि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष में सेवा पखवाड़े के तहत मधुबन मंडल के शक्ति केंद्र गांव कालरम में सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 56 लोगों ने रक्तदान किया। विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वालों को बैज लगाए और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सेवा के कार्यों में हमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने कहा कि रक्तदान एक मानवता से भरा कार्य है जिसमें कोई भी स्वस्थ व्यक्ति अपने रक्त का एक हिस्सा दूसरों की जान बचाने के लिए दान करता है। यह एक निस्वार्थ सेवा है जो जीवनदान के रूप में काम करती है। रक्तदान से न केवल रोगियों को मदद मिलती है, बल्कि यह रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है। हमें मनुष्य होने के नाते किसी व्यक्ति के साथ होने वाली दुर्घटना या बीमारी के कारण उसके जीवन-रक्षण के लिए हमें रक्त-दान करना चाहिए, क्योंकि आवश्यकता पड़ने पर रक्त ब्लड-बैंकों से लिया जाता है और ब्लड बैंकों में खून की कमी न होने पाये इसलिए भी हमें रक्तदान करना चाहिए।

### रक्तदाताओं को बैज लगाकर किया सम्मान

विस अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने कहा कि समाज सेवा के कार्यों से समाज में एक वातावरण बनता है जिससे लोगों में आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने कहा कि संस्कृति से जुड़कर आगे बढ़ने से आत्मविश्वास और मजबूत होगा। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि सेवा पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य समाज में सेवा भावना को बढ़ाना है। उन्होंने रक्तदाताओं को बैज लगाए और उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।



इंद्री। इंद्री अनाज मंडी मे पड़ी पीआर धान । फोटो: हरिभूमि

### घोषणा के बाद भी नहीं हुई इंद्री में पीआर धान की खरीद

**इंद्री।** प्रदेश सरकार द्वारा 22 सितंबर से प्रदेश मे पीआर धान की सरकारी खरीद शुरू करने की घोषणा की गई थी लेकिन सोमवार को अनाज मंडी इंद्री में पीआर धान की सरकारी खरीद नहीं हो सकी । मिली जानकारी के अनुसार अनाज मंडी इंद्री में सोमवार तक करीब 14 हजार क्विंटल पीआर धान आ चुकी है लेकिन मंडी में खरीद एजेंसी के कर्मचारी नहीं पहुंचने के कारण मंडी में पीआर धान की खरीद शुरू नहीं हुई । मार्किट कमेटी सचिव जसबीर सिंह ने बताया कि पीआर धान की खरीद शुरू करवाने के लिए मार्किट कमेटी की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है । उन्होंने बताया कि इंद्री अनाज मंडी में तीन खरीद एजेंसी है जोकि हैफेड, फूड एंड सप्लाई व हरियाणा वेयर हाउस खरीद करने के लिए निर्धारित की गई है । सोमवार को फूड एंड सप्लाई विभाग द्वारा अनाज मंडी में पीआर धान की खरीद की जानी थी लेकिन अभी तक खरीद एजेंसी का कोई भी कर्मचारी मंडी में धान खरीदने के लिए नहीं पहुंचा है जिस कारण अनाज मंडी इंद्री में सोमवार को पीआर धान की खरीद नहीं हो सकी ।

### मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के जीवन से लें प्रेरणा



तरावड़ी। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ करते अतिथि। फोटो: हरिभूमि

**तरावड़ी।** नवरात्रों के शुभ अवसर पर श्री हनुमान सेवा समिति तरावड़ी की ओर से 22 सितंबर से 1 अक्तूबर तक मां अन्नपूर्णा आश्रम मे संगीतमयी श्री राम कथा का भव्य आयोजन आज से शुभारंभ हुआ। पहले दिन की कथा में मुख्य अतिथि के रूप मे गोयल इन्टनैशनल प्रा. लि. के एमडी कृष्ण गोयल ने ज्योति प्रज्जवालित करके श्री राम कथा का शुभारंभ किया। अयोध्या धाम से पधारे कथावाचक राम कथा मर्मज्ञ विद्वान आचार्य प्रहलाद मिश्रा जी रामायणी ने पहले दिन की कथा ने कहा जो भक्त गुरु और श्री राम का नाम लेते हैं उन पर हमेशा प्रभु का आर्शीवाद बना रहता है। कलयुग में केवल श्री राम का नाम ही प्रभु को पाने का सुगम रास्ता है। सत्संग श्रवण करने से ही श्री राम नाम की ज्योति प्रज्वलित होती है। जिससे हमारे जीवन में आई हुई सभी बाधाओं को दूर कर देती है। उन्होंने कहा जब हमारे जीवन में सत्संग का आगमन होता है तब हमारा मिलन प्रभु एवं भक्ति से होता है। उन्होने कहा कि सत्संग दो शब्दो के सुमेल से बना है सत व संग, सत का भाव ईश्वर एवं संग का भाव मिलाप। अर्थात जब तक हम ईश्वर से नहीं मिल पाते, उसका साक्षात्कार नहीं कर लेते तब तक जीवन में सत्संग नहीं हो सकता।

## समाजसेवी विकास गुप्ता टिंकू ने फीता काटकर किया रामलीला का शुभारंभ

# पहले दिन नारद मोह भंग का किया मंचन

कमेटी द्वारा रामलीला मंचन को आकर्षित बनाने के लिए विशाल स्क्रीन का किया गया प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

घरौंडा स्थित रामलीला ग्राउंड में रविवार की शाम भगवान श्रीराम के चरित्र चित्रण पर आधारित रामलीला का भव्य शुभारंभ किया गया। मंच पर पहले दिन समाजसेवी विकास गुप्ता टिंकू ने रिबन काटकर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। आयोजन समिति के प्रधान मनीष गुप्ता ने जानकारी दी कि घरौंडा में रामलीला का मंचन करीब 95 वर्षों से लगातार हो रहा है और यह आसपास के क्षेत्रों में अपनी अलग पहचान रखती है। उन्होंने बताया कि इस बार मंच को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग किया गया है।



घरौंडा। रामलीलाके पहले दिन नारद मोह भंग का मंचन करते कलाकार।



मंच पर विशाल स्क्रीन लगाई गई है, जिसके माध्यम से दर्शक किसी भी दृश्य को वास्तविकता के अधिक करीब महसूस कर पाएंगे। इससे न केवल मंचन का प्रभाव बढ़ेगा, बल्कि दर्शकों का रोमांच भी कई गुना बढ़ जाएगा। रामलीला मंचन के पहले दिन नारद मोह भंग का प्रसंग प्रस्तुत किया गया। इस प्रसंग में देवऋषि नारद की कथा को दर्शाया गया, जब वे भगवान विष्णु के मायाजाल में फँसकर सांसारिक मोह-माया में उलझ जाते हैं। कथा के अनुसार नारदजी, जो सदा तप और भक्ति में लीन रहते थे, विष्णु भगवान की लीला से प्रभावित होकर एक सुंदर कन्या के रूप में विवाह करने की इच्छा प्रकट करते हैं। मंच पर दर्शाया गया कि कैसे नारदजी राजकुमारी के स्वयंवर में पहुँचते हैं और स्वयं को सर्वश्रेष्ठ वर मानते हैं। लेकिन भगवान विष्णु अपनी माया से ऐसा रूप धारण कर लेते हैं कि राजकुमारी का विवाह किसी और से हो जाता है। जब नारदजी को इसका भान होता है, तो वे क्रोधित होकर भगवान विष्णु को श्राप दे देते हैं। इस दृश्य में नारदजी का मोह, उनके क्रोध और फिर भगवान विष्णु के दिव्य स्वरूप का अत्यंत सुंदर और प्रभावशाली चित्रण किया गया।

### आकर्षण का केंद्र बनी बड़ी स्क्रीन

इस बार लगाई गई बड़ी स्क्रीन दर्शकों के आकर्षण का मुख्य केंद्र बनी रही। जैसे ही नारदजी का मोह, उनका विवाह का सपना और फिर भगवान विष्णु का माया-जाल बड़े पर्दे पर जीवंत रूप में उभरकर आया, तो दर्शकों को लगा मानो वे स्वयं उस प्रसंग का हिस्सा हों। रामलीला कमेटी के प्रधान मनीष गुप्ता ने कहा कि घरौंडा की रामलीला की परंपरा पीढ़ी-दर-पीढ़ी चल रही है और इसका उद्देश्य समाज में धार्मिकता, आदर्श और मर्यादा की शिक्षा देना है।

## खबर संक्षेप

### मंडियों में धान की आवक शुरू

**पानीपत।** पानीपत की मंडियों में मोटी धान की आवक हुई है, जबकि मंडी प्रशासन द्वारा सरकारी कांटे के बिना ही तोल टोकन जारी किए जा रहे हैं। मंडियों में धान की खरीद के प्रबंध अधूरे है। मंडियों के शैड में गंदगी पडी है। इधर, इसराना मंडी सचिव पवन नागपाल ने बताया कि इस वर्ष मंडी एक सप्ताह पहले शुरू हो गई है। एक-दो दिन में मंडी पूरी तरह तैयार हो जाएगी।

### लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ 25 को

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना (डीडीएलएलवाई) का शुभारंभ जिला कार्यक्रम में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। वहीं, जिला, उप-मंडल और ग्राम स्तर पर आउटरीच शिविरों का आयोजन किया जाएगा ताकि महिलाओं को उनके आवेदन पत्र भरने और उनके सामने आने वाली किसी भी कठिनाई का समाधान करने में जमीनी स्तर पर सहायता प्रदान की जा सके।

### पौधे रोप हरियाली का संदेश दिया

**पानीपत।** श्रम विभाग द्वारा श्रमिक सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया, एसएसआईडीसी फरीदपुर रोड पर आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुख्यअतिथि के तौर पर सोढी मिल एसोसिएशन के चेयरमैन आनंद जैन ने विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि हरित वातावरण प्रदूषण से बचाव का सबसे बड़ा साधन है और आने वाली पीढ़ियों के लिए यह एक अमूल्य धरोहर है। कार्यक्रम में सहायक श्रम आयुक्त विशाल काटिया, श्रम निरीक्षक चनी कुमार, ललित कुमार, अनीता देवी, सहायक दीपक मेहता व स्टेनो संजय मौजूद रहे।

### जीएसटी की नई दर जनहित में

**पानीपत।** आबकारी एवं कराधान विभाग (जीएसटी राज्य) जिला पानीपत के डिप्टी कमिशनर गौरव चहल ने जानकारी देते हुए बताया कि जीएसटी की नई दर जनता के हित में है। इससे टेक्सटाइल क्षेत्र में बड़ा बदलाव करते हुए मैन-मेड पॉलिएस्टर फाइबर और पॉलिएस्टर धागा पर टैक्स 18 प्रतिशत और 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके अलावा, अब 2,500 रुपये तक के कपड़ों पर 5 प्रतिशत जीएसटी ही लगेगी। वहीं, उच्च मूल्य वाले कपड़ों पर 18 प्रतिशत जीएसटी लागू होगा।

### आहान, वंश, परिक्षित ने सिल्वर जीता

**पानीपत।** पंजाब के संगरूर स्थित जीसीएम स्कूल में सीबीएसई नेशनल गेम्स में पानीपत के तीन प्रतिभाशाली तीरंदाजों आहान, वंश और परिक्षित ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीत का पानीपत व प्रदेश का नाम देश भर में रोशन किया है। इन खिलाड़ियों ने अंडर-17 कंपाउण्ड टीम इवेंट में भाग लिया। इधर, पानीपत जिला आर्चरी कोच नागेश्वर वशिष्ट ने दावा किया कि विजेता खिलाडी आहान, वंश और परिक्षित का तीरंदाजी में भविष्य उज्वल है।

### जनता को स्वच्छता का संदेश दिया

**पानीपत।** जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डा.सुनील बसताडा ने बताया कि जिला पानीपत के अधिकतर गांव को इस विशेष प्रचार अभियान में कवर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रचार कार्यक्रमों का उद्देश्य ग्रामीण जनता को सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही उन्हें स्वच्छता बनाए रखते हुए जल संरक्षण का संदेश देना है।

### श्रीराम बारात शोभायात्रा धूमधाम से निकाली

**पानीपत।** आईबी कॉलेज से श्री सायंकाल रामलीला लैय्या सभा द्वारा श्रीराम विवाहोत्सव शोभायात्रा धूमधाम से प्रारंभ हुई। सर्वप्रथम श्री गणपति पूजन वंदन किया गया। इस अवसर पर श्री कांता देवी, महाराज परमाध्यक्ष श्री प्रेम मंदिर, स्वामी अरुणदास मुख्य अतिथि चंदर शेखर शर्मा, विजय, जगदीश जैन प्रधान परमवीर आदि मौजूद रहे।

## सबसे बड़ी ग्राम पंचायत सिवाह में स्ट्रीट लाइटों का शुभारंभ

# सरकार ग्रामीण अंचल का तेजी से कर रही है विकास

स्ट्रीट लाइटों पर टाइमर लगाया हुआ है अंधेरा होने पर अपने आप ही जल जाती है

हरिभूमि टीम ▶▶| पानीपत

पानीपत की सबसे बडी ग्राम पंचायत गांव सिवाह में सरपंच व पानीपत सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष आर्य रणदीप कादियान ने सोमवार को दोपहर बाद प्राइमरी स्कूल के पास लाइटों के कंट्रोल वाले स्थान पर नारियल तोडकर गांव की फिरनी पर लगाई गई 83 स्ट्रील लाइटों का उदघाटन किया। सरपंच रणदीप कादियान ने कहा कि भाजपा सरकार जहां ग्रामीण अंचल का तेजी से विकास करवा रही है, वहीं गांव सिवाह की फिरनी पर ये 83 स्ट्रीट लाइटें लगने से ग्रामीणों को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि इन सभी स्ट्रीट लाइटों पर टाइमर लगाया हुआ है और अंधेरा होने पर अपने आप ही जल जाती है और सुबह होने पर बंद हो जाती है। इससे इन लाइटों के जलाने व बंद करने के झंझट से भी छुटकारा मिलेगा।



पानीपत। सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष आर्य रणदीप कादियान स्ट्रीट लाइट्स का उदघाटन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

- फिरनी पर 83 स्ट्रीट लाइटें लगने से ग्रामीणों को फायदा होगा

### अंधेरा होने पर आने-जाने में कोई दिक्कत नहीं होगी

इस दौरान नोडल अधिकारी मनमोहन वढेरा ने बताया कि इन स्ट्रीट लाइटों के चालू होने से ग्रामीणों को अब अंधेरा होने पर आने-जाने में कोई दिक्कत नहीं होगी। वहीं पंचायत विभाग के इलेक्ट्रिकल जेई विकास ने बताया कि हरियाणा ग्रामीण विकास योजना के तहत इन स्ट्रीट लाइटों को सरकार द्वारा लगवाया गया है। इस अवसर पर मेंबर पंचायत प्रवीन शर्मा, सुनील कुमार पंच, चांद पंच, प्रदीप, सुभाष मास्टर व वेद आदि मौजूद रहे।

## स्वैट बॉक्स ने जीता गुरूकुल दर्पण 60 क्रिकेट टूर्नामेंट

» हरदीप मलिक को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया

कपिल भारद्वाज को मैन आफ द मैच चुना गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। गुरूकुल दर्पण क्रिकेट टूर्नामेंट के विजेता अथितियों के साथ प्रसन्न मुद्रा में।

डीआर इंटरनेशनल स्कूल मैदान गांव काकोदा में गुरूकुल दर्पण 60 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच स्वैट बॉक्स क्रिकेट क्लब दिल्ली और गढ़ी केसरी के मध्य खेला गया, फाइनल मैच में स्वैट बॉक्स टीम पांच विकेट से विजयी रही, गढ़ी केसरी टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सौरभ के 40 रन व अरूण शर्मा के 35 रनों की मदद से 20 ओवर में 8 विकेट पर 205 रन बनाए। वीं, लक्ष्य का पीछा करते हुए स्वैट बॉक्स टीम ने 20वें ओवर में 5 विकेट पर 206 रन बना फाइनल मैच जीत लिया। कपिल भारद्वाज को मैन आफ द मैच चुना गया। वहीं, टूर्नामेंट में श्रेय जैन ने सर्वाधिक 251 व शशिकांत ने 221 रन बनाए, लाला ने सर्वाधिक 15 विकेट व हरदीप मलिक ने 9 विकेट लिए। 212 रन व 9 विकेट लेकर ऑलराउंडर प्रदर्शन करने वाले हरदीप मलिक को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया, हर्ष त्यागी सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक चुने गये, टूर्नामेंट के फाइनल मैच में गुरुकुल दर्पण 60 कोचिंग सेंटर के चैयरमैन पवन लठवाल व विशिष्ट अतिथि सोनू रापड़िया ने स्वैट बॉक्स दिल्ली टीम के कप्तान श्रेय जैन को विजेता ट्राफी प्रदान की। दादा लाखू स्पोर्ट्स व सोशल एशोसिएशन के प्रधान प्रदीप, दीपक, अमित, सुमित आदि मौजूद रहे।

### संजीव ने गोल्ड मेडल जीता

**इसराना।** पानीपत के इसराना से संजीव तोमर ने झज्जर के जयवीर अखाड़ा पपनियां में आयोजित राज्य स्तरीय जुजित्सु प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। वहीं, संजीव का चयन 9 से 12 अक्टूबर तक उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में होने वाली राष्ट्रीय सीनियर जुजित्सु प्रतियोगिता के लिए हुआ है। फिटनेस कोच प्रवीण नांदल के अनुसार, जुजित्सु एक ब्राजीलियन और जापानी मार्शल आर्ट है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और भारत के राहुल गांधी इस खेल के खिलाड़ी रह चुके हैं। इधर, ग्रेपलिंग संघ हरियाणा के महासचिव जितेंद्र पांचाल व प्रधान बलविंदर सिंह ने संजीव को बधाई व उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया है।

## मानवता के लिए 142 युवाओं ने किया रक्तदान

- आदर्श एक विश्वास सोसाइटी ने 150 युवाओं को हेलमेट भेंट किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आदर्श एक विश्वास सोसाइटी द्वारा आठवां विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में ऋषिकेश के मंहत लोकेश दास महाराज व ब्रह्मृषि श्रीनाथ महाराज के साथ भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया, नगर निगम की महापौर कोमल सैनी ने जहां रक्तदाताओं का हौंसला बढाते हुए उन्हें बैज लगाया, वहीं शिविर में 142 युवाओं ने रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया। वहीं रक्तदान शिविर के साथ ही आदर्श एक विश्वास सोसाइटी ने 77 वां मेडिकल कैंप भी लगाया गया। जिसमें दिल्ली मैक्स हॉस्पिटल से उपस्थित डॉक्टरों ने स्वास्थ्य की भी जांच करी जिसमे बीएमडी जांच, शुगर बीपी की जांच की गई। इधर, सोसायटी के प्रधान नवीन मुंजाल व कशिश ढींगरा ने बताया कि आदर्श एक विश्वास सोसाइटी द्वारा लगाया गया यह आठवां रक्तदान कैंप है जिसमें आज युवा में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया है।



पानीपत। आदर्श एक विश्वास के रक्तदान शिविर में अथिति नवीन भाटिया के स्मृति चिंह भेंट करते हुए संतजन। फोटो :हरिभूमि

### ये मौजूद रहे

कैंप में डॉ. संजय सेन, पार्षद सुरेंद्र गर्ग, हरदीप सिंह, अमित आहूजा वशिष्ठ अतिथि के उपस्थित रहे। वहीं, रक्तदान शिविर में सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत युवाओं को 150 हेलमेट भी बांटे गए। जबकि कार्यक्रम में गुरुदत्त सैनी, प्रदीप कुमार, अंकित शर्मा, अनिल, पारस, शुभम बाटला, राकेश राजपूत, संजय आदि उपस्थित रहे।

### कुलपति आवास पर आपराधिक घटना की कुटा ने की कड़ी निंदा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कुटा) ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के कुलपति एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व शिक्षक और छात्र प्रो. राजबीर सिंह के रोहतक स्थित कुलपति आवास पर 19 सितम्बर को हुई अमर्यादित एवं आपराधिक घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। कुटा द्वारा जारी बयान में बताया गया कि घटना के समय कुलपति और उनकी धर्मपत्नी आवास पर उपस्थित नहीं थे, जबकि उनके आवास में कुछ अराजक तत्वों ने जबरन घुसकर हुड़दंग मचाया। उस समय कुलपति की 80 वर्षीय अस्वस्थ माता अकेली थीं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह न केवल एक गंभीर सुरक्षा चूक है, बल्कि एक सुनियोजित साजिश भी हो सकती है। शिक्षक संघ ने इसे शैक्षणिक स्वतंत्रता एवं गरिमा पर सीधा हमला करार दिया है और कहा है कि ऐसी घटनाएं शिक्षा जगत की प्रतिष्ठा को आघात पहुंचाती हैं और पूरे समाज में भय का वातावरण उत्पन्न करती हैं।

## समय के साथ स्वयं को अपडेट करते रहें टीचर्स : राजीव

- विद्यार्थियों को आत्मविश्वास की महत्ता की विस्तार से दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

विद्या वाटिका वर्ल्ड स्कूल के प्रांगण में शिक्षकों के लिए अंग्रेजी भाषा को लेकर पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी ने कहा कि आज के आधुनिक जमाने में अंग्रेजी भाषा का ज्ञान बहुत जरूरी है। वहीं राजीव ने अंग्रेजी सीखने के आसान तरीके बताए। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास की महत्ता की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि हर शिक्षक को समय के साथ स्वयं को अपडेट करते रहन चाहिए। समय के साथ अपडेट होने वाला टीचर ही बच्चों को बेहतर तरीके से पढ़ा सकता है। उन्होंने कहा कि गरीब वह है जिसके पास ज्ञान नहीं है, पैसा ना होना गरीबी नहीं ज्ञान ना होना गरीबी है। वहीं एडमिन पद पर रिटायर्ड इंस्पेक्टर हरियाणा पुलिस महिंदर सिंह ने राजीव परुथी का आभार जताया। वहीं प्रिंसिपल प्रिंस वैद्य ने टीचर्स को राजीव परूथी से प्रेरणा लेकर समय की आधुनिकता के साथ स्वयं को अपडेट करने का आह्वान किया। इस अवसर पर पारूल जैन, रितु, काजल, अंजलि, पलक सहगल आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। विद्या वाटिका वर्ल्ड स्कूल में पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी के साथ स्टूडेंट्स। फोटो :हरिभूमि

## भगवान का स्वरूप है रक्तदाता: जगबीर



पानीपत। गांव राजाखेड़ी में रक्तदाताओं के स्मृति चिंह भेंट करते हुए आयोजक।

- श्री पदम चंद्र महाराज के जन्मोत्सव पर 109 ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव राजाखेड़ी में जैन संतों श्री रोहित मुनि महाराज राजाखेड़ी के लाल श्री श्रेयांस मुनि महाराज, सेवाभावी श्री रजत मुनि महाराज ठाणे तीन के चल रहे मंगलमय चातुर्मास के अंतर्गत संघनायक गुरुदेव शास्त्री श्री पदम्-चंद्र जी महाराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशाल रक्तदान शिविर व सम्मान समारोह का आयोजन बैंकेट हॉल राजाखेड़ी में किया गया। जिसमें मुख्यातिथि समाजसेवी विजय जैन, विशिष्ट अतिथि पूर्व अतिरिक्त महाअधिवक्ता हरियाणा जगबीर मलिक एडवोकेट, समाजसेवी सुरेश जैन, दयानंद छिक्कारा, गायक कैंडी श्योराण रहे। मुख्य अतिथि ने रक्तवीरों का हौंसला बढ़ाते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। जबकि विशिष्ट अतिथि जगबीर मलिक ने चंडीगढ़ से आकर खुद रक्तदान कर कहा कि रक्तदान महादान है। शिविर में 109 नागरिकों ने रक्तदान किया। रक्तदानियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे, बोतल व अन्य उपहार देकर हौंसला अफजाई की गई। रक्तदाता भगवान का स्वरूप है। इस अवसर पर राहुल जैन, सुनील जैन, संदीप जैन, शमशेर मलिक, प्रदीप मलिक अंश आदि उपस्थित रहे।

### 100 फुट का होगा रावण का पुतला

**पानीपत।** दशहरा कमेटी सनौली रोड के तत्वावधान में श्री हनुमान सभाओं की एक मीटिंग श्री रघुनाथ धाम हुडा सेक्टर 25 में हुई। वहीं, महामंडलेश्वर स्वामी अरूणदास ने दशहरा पर्व पर शुचिता और पवित्रता पर बल देते हुए कहा कि चलइया व्रतों पर बैठे सभी व्रतधारियों के लिए आवश्यक है कि वे प्राचीन हनुमत परम्परा का पालन करते हुए इसे विधिपूर्वक निभाएं। दशहरा कमेटी सनौली रोड के प्रधान रमेश माटा ने आई हुए सभी सभाओं को दशहरा पर्व के दिन शोभायात्रा का रूट बताया। उन्होंने कहा कि इस बार रावण के पुतले की ऊंचाई 100 फुट की होगी।

### श्री रामलीला का हुआ शुभारंभ

**पानीपत।** श्री रामलीला कमेटी द्वारा प्रथम दिवस के मंचन में महाराजा अग्रसेन जी की जयंती उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कमेटी के सरपरस्त गोबिंद गोयल, प्रधान आर्दश गुप्ता, महासचिव मनोज सिंगला, उपप्रधान मनोज गोयल, कोषाध्यक्ष संजय बंसल, सह सचिव विरेंद्र बंसल, पूर्व प्रधान एवं पार्षद नवल जिंदल, विनय सिंगला, अनिल गर्ग, सर्वेश सिंगला, सचिन मंगला, सुशील सिंगला, अशोक गोयल, सचिन गर्ग, अमित राज गुप्ता, गंगा राम मंगला, अनिल बंसल, प्रेम गर्ग,बृजभूषण गर्ग, राजेश गर्ग आदि मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलवाई



समालखा। आईटीआई में पुलिस टीम को स्मृति चिंह भेंट करते हुए मेजबान।

- विद्यार्थियों को नशा करने के दुष्परिणाम के बारे में विस्तृत से दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा

नशा मुक्ति अभियान के तहत अभियान की टीम के प्रभारी जगपाल सिंह ने जनता से आग्रह है कि वे मादक पदार्थों की तस्करी या आपूर्ति से संबंधित कोई भी जानकारी स्थानीय अधिकारियों को दें ताकि ऐसे अवैध नेटवर्क को तोड़ा जा सके। गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक पानीपत भूपेन्द्र सिंह के मार्ग दर्शन में चलाए गए नशा मुक्ति अभियान के दौरान डीएसपी समालखा नरेन्द्र कादियान की देखरेख में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गांव शेरा में जाकर विद्यार्थियों को नशा करने के दुष्परिणाम बारे विस्तृत जानकारी देकर जीवन में कभी भी नशा नहीं करने बारे शपथ दिलवाई गई।

### ताऊ देवीलाल की याद में इनेलो की रैली ऐतिहासिक

**पानीपत।** इनेलो के वरिष्ठ नेता चौधरी रणवीर सिंह देशवाल ने कहा कि ताऊ देवीलाल कमेरे वर्ग के मसीहा था, उन्होंने ताउम्र देश के कमेरे वर्ग के अधिकारों के लिए संघर्ष नहीं नहीं किया, बल्कि कमेरे वर्ग को अधिकारों की प्राप्ति के लिए एकजुट कर मुख्य धारा में शामिल किया। देशवाल ने दावा किया कि ताऊ देवीलाल की याद में 25 सितंबर को रोहतक में आयोजित होने जा रही इनेलो की रैली ऐतिहासिक होगी। रैली में हरियाणा ही नहीं बल्कि दिल्ली, राजस्थान, पंजाब, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के वे नेता व प्रबुद्ध नागरिक भी भाग लेंगे जो चौधरी देवीलाल के सहयोगी रहे और उनकी विचारधारा पर चल कर देश, समाज व मानवता की सेवा कर रहे है। वहीं, देशवाल ने सोमवार को इसराना हलके के गांवों का दौरा कर ग्रामीणों को ताऊ देवीलाल की याद में आयोजित होने जा रही रैली का न्यौता दिया। इस अवसर पर उनके साथ एडवोकेट वैभव देशवाल व पानीपत ग्रामीण से चुनाव लड चुकी दीपा देशवाल समेत बडी संख्या में इनेलो नेता व कार्यकर्ता भी रहे।



चौधरी रणवीर सिंह देशवाल।

### जीवन में धर्म का पालन करें

**समालखा।** नई अनाज मंडी स्थित नई जैन स्थानक में उपेन्द्र मुनि ने अपने प्रवचनों में कहा कि आध्यात्मिक परंपराओं के अनुसार मनुष्य जीवन को अत्यंत दुर्लभ और अनमोल माना गया है, क्योंकि यह एकमात्र ऐसा जीवन है जिसमें जीव आत्मा अपनी मुक्ति प्राप्त कर सकता है। जबकि अन्य योनियों में ऐसी क्षमता सीमित होती है। इसे मोक्ष प्राप्ति का साधन माना जाता है और सत्संग, सेवा व आध्यात्मिक साधनाओं के माध्यम से इस जीवन को सफल बनाया जा सकता है।

### देवेंद्र बने विधि विभाग के प्रमुख

**पानीपत।** भाजपा के विधि विभाग हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष अतर सिंह पंवार ने पानीपत जिला प्रमुख देवेंद्र राणा को, सह प्रमुख राममेहर बैरागी को तथा महामंत्री पीआर बैरागी को बनाया गया है। वहीं उक्त नियुक्ति पत्र देते समय प्रदेश अध्यक्ष अतर सिंह पंवार के साथ प्रदेश महामंत्री अश्वनी फोगाट मौजूद रहे।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

संजय सैनी पुत्र श्री महेन्द्र सैनी निवासी मकान न0. 174/22, खन्ना रोड, कृष्णपुरा पानीपत।

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि संजय सैनी पुत्र श्री महेन्द्र सैनी निवासी मकान न0.174/22, खन्ना रोड, कृष्णपुरा पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय मे पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता जी श्री महेन्द्र सिंह पुत्र श्री प्रीत सिंह का देहांत दिनांक 03-01-2022 को हो चुका है श्रीमति सोना देवी पत्नी श्री प्रीत सिंह का देहांत पहले ही हो चुका है। श्री महेन्द्र सिंह पुत्र श्री प्रीत सिंह की मृत्यु उपरान्त उनके निम्न जायज वारिस है:- 1. संतोष, पत्नी 2. संजय सैनी, पुत्र 3. नीलम सैनी, पुत्री 4. सोनिया सैनी, पुत्री कुल 4 वारिस है। इनके इलावा मृतक श्री महेन्द्र सिंह पुत्र श्री प्रीत सिंह का अन्य कोई वारिस/ उत्तराधिकारी नहीं है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यो के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 11-09-2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत।

## आदर्श रामा ड्रामाटिक क्लब द्वारा करवाए जा रहा राम कथा महोत्सव

# श्रीराम की तरह पुरूषोत्तम बने हर युवा: जगपाल

श्री राम आदर्श पुत्र, आदर्श भाई, आदर्श पति और आदर्श राजा के रूप में जाने जाते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

श्री आदर्श रामा ड्रामाटिक क्लब द्वारा करवाए जा रहे 14वें श्री राम कथा महोत्सव के अवसर पर प्रमुख समाज सेवी जगपाल जौरासी ने रामचरितमानस की पूजा अर्चना की। वहीं, जगपाल जौरासी ने अपने सिर पर श्रीराम चरित्र मानस रखकर कलश शोभायात्रा में भाग लिया। इधर, समाजसेवी जगपाल जौरासी ने कहा कि श्री राम आदर्शों और मर्यादा के प्रतीक हैं। उनमें धैर्य, सदाचार, शौर्य, संयम, करुणा, सत्यनिष्ठा, न्यायप्रियता और जनसेवा जैसे गुण थे, इसके चलते वे आदर्श पुत्र, आदर्श भाई, आदर्श पति और आदर्श राजा के रूप में जाने जाते हैं। सभी को भगवान राम की तरह पुरूषोत्तम बनाना चाहिए।



समालखा। समाज सेवी जगपाल जौरासी, श्री रामचरितमानस को श्री राम कथा महोत्सव में ले जाते हुए। फोटो :हरिभूमि

### ये मौजूद रहे

इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष राजू चोपड़ा, प्रधान नरेश चोपड़ा, सचिन कपूर, बंटी, अरविंद टंडन, काकू चोपड़ा, बलदेव चोपड़ा, दिनेश, दीपक मल्होत्रा, डब्बू शर्मा, कृष्णा बेनीवाल, ललित गुप्ता, बंटी मल्होत्रा, दीपक समेत बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## धार्मिक जुलूस में डीजे बजाने की प्रशासन से अनुमति लेनी होगी

- दशहरा पर्व को सौहार्दपूर्ण ढंग मनाने की अपील, प्रशासन की डीजे संचालकों के साथ बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

दशहरा पर्व के दौरान जिले में शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से सिविल प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने सोमवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में संयुक्त रूप से जिले के डीजे संचालकों की बैठक लेकर महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम मंदीप सिंह ने कहा कि आस्था का महापर्व दशहरा देश, प्रदेश सहित पानीपत जिले में बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। जिले में दशहरा पर्व पर हनुमान सभाओं द्वारा हनुमान स्वरूपों के साथ यात्रा में डीजे शामिल किया जाता है। सभी की आस्था सर्वोपरि है। उन्होंने डीजे संचालकों को स्पष्ट किया कि निर्धारित मानको के तहत ही डीजे बजाए। तेज आवाज में डीजे बजाने से आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। एक तरफ जहां विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है वही बीमार व हर आयु वर्ग के लोगों को किसी ने किसी तरह की परेशानी का सामना करना पड़ता है। वाहनों पर डीजे लादकर जुलूस निकालने से पूर्व आवश्यक अनुमति लेना अनिवार्य है। उन्होंन कहा कि निर्देशों का उल्लंघन करने पर डीजे को जब्त किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### रंजिशन हमला करने पर दस के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** गांव बिटानी में रंजिशन हमला कर एक परिवार के लोगों को घायल करने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने दस लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव बिटानी निवासी जयभगवान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी मामन परिवार के साथ रंजिश चली आ रही है। उसी रंजिश के चलते मामन परिवार ने उसके परिवार पर हमला कर दिया।

### टूरिस्ट बस की टक्कर से ट्रैक्टर चालक की मौत

**कैथल।** गांव मोहना में सोमवार को सुबह करीब 4 बजे टूरिस्ट बस द्वारा टक्कर मारे जाने से ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव टपराणा जिला करनाल निवासी चंद्र लाल के रूप में हुई है। वह पांच बच्चों का पिता था। वह अपने एक अन्य साथी के साथ ट्रैक्टर में लकड़िया लेकर कैथल की ओर आ रहा था।

### रंजिशन मारपीट करने छह पर मामला दर्ज

**जींद।** सफीदों रोड बाईपास के निकट कुछ लोगों ने रंजिशन हमला कर मारपीट करने तथा गाड़ी के साथ तोड़फ़ोड़ करने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गोपालपुरा रोहतक निवासी इंदू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कलायत निवासी बलजीत के साथ रंजिश चली आ रही है।

### अमेरिका भिजवाने के नाम पर 12.60 लाख ठगे, केस

**कैथल।** युवक को अमेरिका भिजवाने के नाम पर 12.60 लाख रुपए ठगने का मामला प्रकाश में आया है। गांव सिरसल के मोहित ने पूंडरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मार्च 2025 में उसके पास एक अज्ञात मोबाइल नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने कहा कि वह युवाओं को विदेश भेजता है। उसे कम से कम राशि में अमेरिका भेज देगा।

### दो पिस्तौल के साथ एक चढ़ा पुलिस हत्थे

**जींद।** डिटेक्टिव स्टाफ ने गांव भिड़ताना के निकट एक युवक को काबू कर कब्जे से दो पिस्तौल बरामद किए हैं। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने युवक के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि भिड़ताना के पास युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है।

---

### पूर्व विधायक बोले- सीएम नायब सैनी ने किसानों को दिया तोहफा

# मंडियों में धान की खरीद शुरू किसानों को मिली भारी राहत

*कई दिन से मंडियों में हो रही थी धान की आवक खरीदारी न होने से किसान थे परेशान*

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला


अंबाला। धान की नमी जांचते पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी। फोटो: हरिभूमि

जिले की सभी मंडियों में सोमवार से धान की खरीद शुरू हो गई। हालांकि मंडियों में धान की फसल कई दिन से पहुंचनी शुरू हो गई थी। सरकारी खरीद शुरू न होने से किसान बेहद परेशान थे। मगर अब सरकारी खरीद शुरू होने से किसानों को बड़ी राहत राहत मिली। नारायणगढ़ की अनाज मंडी में धान की सरकारी खरीद कार्य का शुभारंभ हुआ। खरीद कार्य का शुभारंभ पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने किया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष संदीप सैनी अंबली, मार्केट कमेटी के सचिव अखिलेश शर्मा, खरीद एजेंसी हैफेड के अधिकारी तथा आढ़ती मदन चानना, ओमप्रकाश चानना सहित अन्य आढ़ती उपस्थित रहे। डॉ. पवन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में किसानों के हित सर्वोपरि हैं। कहा कि "मुख्यमंत्री ने पहले नवरात्रि पर ही धान की खरीद शुरू करवा कर किसानों को तोहफा दिया है, जबकि सामान्यतः धान खरीद सीजन 1 अक्तूबर से आरंभ होता है। यह निर्णय किसानों के प्रति सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाता है। उन्होंने खरीद एजेंसी के अधिकारियों को कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न आए और पारदर्शिता व सुगमता सुनिश्चित की जाए। कहा कि मंडियों में बिजली, पानी, साफ सफाई आदि की बेहतर व्यवस्था हो इस बारे में पहले ही सरकार द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिए।

**किसानों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न आए और पारदर्शिता व सुगमता सुनिश्चित की जाए।**

#### 17% नमी तक धान की खरीद की जाएगी

मार्केट कमेटी के सचिव अखिलेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि अनाज मंडी एवं खरीद केन्द्र भरेड़ी व बेरखेड़ी में धान की आमद शुरू हो चुकी है। पहले दिन शाम तक 171 किसानों के 7,883 क्विंटल धान के गेट पास ऑनलाइन माध्यम से जारी हुए है। उन्होंने बताया कि मंडी में किसानों की सुविधा के लिए बिजली-पानी की बेहतर आपूर्ति की व्यवस्था की गई है, साथ ही अटल कैंटीन भी खोली गई है। सचिव अखिलेश शर्मा ने यह भी बताया कि मंडी में 17% नमी तक धान की खरीद की जाएगी।

#### 61 किसानों को गेट पास जारी

**शहजादपुर।** यहां अनाजमंडी में सोमवार को धान की सरकारी खरीद कार्य का शुभारंभ हुआ। खरीद कार्य का शुभारंभ पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने किया। इस अवसर मार्केट कमेटी के सचिव अफसर सिंह, खरीद एजेंसी हैफेड के अधिकारी तथा आढ़ती उपस्थित रहे। सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में किसानों के हित सर्वोपरि हैं। उन्होंने कहा कि "मुख्यमंत्री ने पहले नवरात्रि पर ही धान की खरीद शुरू करवा कर किसानों को तोहफा दिया है। उन्होंने खरीद एजेंसी के अधिकारियों को कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न आए और पारदर्शिता व सुगमता सुनिश्चित की जाए। मार्केट कमेटी के सचिव अफसर सिंह ने बताया कि शहजादपुर अनाज मंडी में धान की आमद शुरू हो चुकी है। पहले दिन शाम तक 61 किसानों के 3140 क्विंटल धान के गेट पास ऑनलाइन माध्यम से जारी हुए हैं।

---


बराड़ा। कार्यक्रम के दौरान उपस्तिथि लोग। फोटो: हरिभूमि

### क्षेत्र में अखंड ज्योत लेकर आए

## भगवान वाल्मीकि का संदेश जन जन तक पहुंचाने का किया आह्वान

- भाईचारे की भावना के मकसद से रामतीर्थ अमृतसर से लाई गई ज्योत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

सामाजिक समरसता मंच के बैनर तले आज भगवान वाल्मीकि आश्रम, राम तीरथ (अमृतसर, पंजाब) से अखंड ज्योत क्षेत्र में लाई गई। इस अवसर पर सामाजिक समरसता मंच हरियाणा प्रांत के संयोजक ज्ञानचंद जैन बराड़ा, सामाजिक समरसता मंच खंड के संयोजक राजीव सिंगला, धर्म जागरण मंच जिला अंबाला के संयोजक धर्मराज, भारतीय जनता पार्टी के उपप्रधान आशीष कुमार गर्ग अधोया, वाल्मीकि समाज अधोया मुसलमान के पूर्व प्रधान राजेंद्र कुमार उर्फ बबलू वाल्मीकि, वाल्मीकि समाज अयोध्या हिंदवान के पूर्व प्रधान दिनेश कुमार, विनोद वाल्मीकि मुलाना व विक्रांत वाल्मीकि सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। यह अखंड ज्योत नवरात्रि पर्व के शुभ अवसर पर प्रत्येक घर में प्रज्वलित करने के उद्देश्य से तथा रामलीलाओं में स्थापित करने के लिए क्षेत्र में लाई गई है। आयोजकों ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारा व सामाजिक समरसता का भाव पैदा करना है।

#### अखंड ज्योत स्थापित करें

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि भगवान वाल्मीकि किसी एक समाज के नहीं बल्कि सर्व समाज के संत थे। यदि उन्होंने रामायण की रचना न की होती, तो भगवान श्रीराम के आदर्श चरित्र से समाज परिचित नहीं हो पाता। समाज की वर्तमान सामाजिक संरचना में उनका योगदान सर्वोपरि है। आयोजकों ने क्षेत्र में चल रही रामलीलाओं के आयोजकों से आह्वान किया कि वे अपनी रामलीलाओं में इस अखंड ज्योत को स्थापित करें और भगवान वाल्मीकि का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। तभी सही अर्थों में राम राज्य की कल्पना साकार हो सकती है।

---

## झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

- बीडीपीओ शबनम रेलन ने स्वच्छता के महत्व पर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहज़ादपुर

सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत ब्लॉक के गांव पतरेहड़ी में ग्राम पंचायत द्वारा स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में भाजपा जिला महामंत्री विवेक गुप्ता ने शिरकत की। उन्होंने ग्राम पंचायत, ग्रामीणों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सार्वजनिक स्थानों पर झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अभियान में बीडीपीओ शबनम रेलन ने भी भाग लिया और ग्रामवासियों को साफ-सफाई रखने के महत्व के बारे में जागरूक किया।


शहज़ादपुर। झाड़ू लगाते ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

#### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र के संयोजक अश्विनी अग्रवाल, मनीष मित्तल (सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन), बलदेव शर्मा, सरपंच गुरुसरणी देवी, सरपंच प्रतिनिधि कंवर पाल, सरपंच कैप्टन केहर सिंह धनाना, ब्लॉक समिति चेयरपर्सन सुखवांत कुमारी, सतीश कुमार, सरपंच संदीप सैनी, मंदीप सिंह (आईटी प्रमुख) सहित आसपास के गांवों के सरपंच एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

---

## स्वयं को केवल शरीर नहीं सर्वश्रेष्ठ आत्मा मानना चाहिए

- प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में "स्वयं की उन्नति के लिए सहज पुरुषार्थ" विषय पर हुआ विशेष कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़


नारायणगढ़। कार्यक्रम में मौजूद मुख्य व अन्य अतिथि। फोटो: हरिभूमि

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की शाखा में "स्वयं की उन्नति के लिए सहज पुरुषार्थ" विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता व मुख्य अतिथि के रूप में माउंट आबू से भ्राता डॉ. पांडे मनी, भ्राता जयकुमार, बहन ब्रह्माकुमारी भाग्यश्री तथा अंबाला से भ्राता राकेश मेहता विशेष रूप से पधारे। भ्राता जयकुमार ने अपने अनुभव सांझा करते बताया कि उन्हें परमात्मा ज्ञान से जुड़े हुए 50 वर्ष हो चुके हैं। इस दौरान जीवन की हर कठिनाई में उन्होंने संकल्प शक्ति और परमपिता परमात्मा से जुड़ाव के माध्यम से समस्याओं का समाधान किया। उन्होंने कहा कि उन्हें परमात्मा से माया से मुक्त रहने का वरदान प्राप्त हुआ है। उन्होंने सभी को प्रेरणा दी कि सकारात्मक विचारों से ही जीवन सुंदर बनता है। भ्राता डॉ. पांडे मनी माउंट आबू में वैल्यू एजुकेशन के डायरेक्टर हैं। उनके पास 30 डिग्री व 15 मास्टर डिग्री हैंञ। उन्होने अपने जीवन के अनुभव सांझा किए। उन्होंने कहा कि हमें स्वयं को केवल शरीर नहीं बल्कि सर्वश्रेष्ठ आत्मा मानना चाहिए। शरीर की पढ़ाई और कर्म भले ही नश्वर हों लेकिन आत्मा की सच्ची कमाई ही अगले जन्म तक साथ जाती है। उन्होंने तीन बातें सभी को पक्की कराईं मैं कौन हूं,मेरा कौन है तथा मुझे क्या करना है।

#### सम्मानित किया

उन्होंने कहा कि आत्मा का पिता स्वयं सर्वशक्तिमान परमपिता परमात्मा है जो सारी सृष्टि का मालिक है। अच्छे कर्म और सकारात्मक चिंतन से हम इस संसार को सुंदर स्वर्ग बना सकते हैं। ब्रह्माकुमारी भाग्यश्री ने भी अपने विचार व्यक्त किए और सभी को प्रेरणा दी। कार्यक्रम में सेवा केंद्र इंचार्ज ब्रह्माकुमारी हरदीप दीदी ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। महिला थाना से पधारी बहन अंजू ने संस्था की प्रशंसा की। हरदीप दीदी ने महिला थाना से पधारी सभी महिला पुलिस कर्मचारियों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया।

---


अंबाला। महाराजा अग्रसेन को नमन करते पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल व अन्य।

## महाराज अग्रसेन का योगदान अनुकरणीय

- पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल समेत वैश्य समाज से जुड़े लोगों ने किया महाराजा अग्रसेन को नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

सोमवार को देशभर में महाराजा अग्रसेन जयंती बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई जा रही है। अंबाला में भी इस अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित हुए। इसके अंतर्गत पूर्व मंत्री असीम गोयल शहर के प्रसिद्ध महाराजा अग्रसेन चौक पहुंचे। उन्होंने महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे और सभी ने महाराज अग्रसेन की शिक्षाओं को याद किया।

#### शुभकामनाएं दी

पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने प्रदेशवासियों को प्रथम नवरात्रि और महाराज अग्रसेन जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज सुधार और जनकल्याण के क्षेत्र में महाराज अग्रसेन का योगदान अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि पहली बार प्रदेश सरकार प्रदेशस्तरीय अग्रसेन जयंती समारोह का आयोजन कर रही है, जो समाज को एक नई दिशा देने का काम करेगा। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे महाराज अग्रसेन के दिखाए मार्ग पर चलकर समाज में समानता, भाईचारा और सेवा की भावना को आगे बढ़ाएं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

---

## रामलीला मंचन के लिए झंडा पूजन किया, दो तक किया जाएगा आयोजन

- रामलीला मंचन जय सियाराम समिति द्वारा नगर खेड़ा प्रांगण पर करवाया जाएगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

जय सियाराम समिति के द्वारा नगर खेड़ा मंदिर पर झंडा पूजन किया गया और मंच लगाने का कार्य शुरू किया गया 23 सितंबर 2025 से 2 अक्टूबर 2025 तक पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी वृंदावन के कलाकारों द्वारा रामलीला मंचन जय सियाराम समिति द्वारा नगर खेड़ा प्रांगण पर कराया जाएगा। झंडा पूजन के अवसर पर संस्था के अध्यक्ष ओम प्रकाश पाल, प्रधान निर्मल गुप्ता, सेक्रेटरी नरेश धीमान, प्रवेश शर्मा, गुलशन, जसपाल भट्टी, सुरेंद्र मोहन बिट्टू भी मौजूद रहे।


अंबाला। झंडा पूजन के दौरान मौजूद पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

---

## मैनेजर व फोरमैन के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ साहा

केसरी गांव की प्रताप फैक्टरी में चार मजदूरों के झुलसने के मामले में पुलिस ने फैक्टरी के फोरमैन व मैनेजर पर मामला दर्ज कर लिया है। यह कार्रवाई झुलसे मजदूर विनोद कुमार की शिकायत पर हुई। दोनों पर पुलिस ने बीएनएस में लापरवाही की धारा 289, 125 ए व 125 बी के तहत की। साहा थाना प्रभारी कर्मवीर ने बताया कि घायलों के बयान दर्ज कर लिए गए है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

**दो कर्मचारियों की हालत खराब, दो की हालत में सुधार, मालिक बोले अचानक हुआ हादसा**

#### अवगत करवा चुके

हालांकि घायल मजदूरों का कहना है कि वह कई बार इस संबंध में फैक्टरी के मालिक व मैनेजर को अवगत करवा चुके हैं बावजूद उन्हें दुरुस्त नहीं किया गया। फैक्टरी में इतना बड़ा हादसा होने के बावजूद भी किसी ने सुध लेना तक उचित नहीं समझा। महज एक सिक्योरिटी गार्ड व कुछ कर्मचारी ही घायलों को लेकर कैंट के नागरिक अस्पताल पहुंचे। यहां से चंडीगढ़ पीजीआई अस्पताल। हादसे में घायल विनोद आईसीयू में है तो सतीश भी तबीयत ज्यादा खराब है।

---

### फिर जिला शिक्षा अधिकारी बने सुधीर कालड़ा

**अंबाला।** जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा को एक बार फिर जिला शिक्षा अधिकारी की कमान सौंपी गई है। जबकि मौजूदा डीईओ सुरेश कुमार का कैथल में बतौर जिला शिक्षा अधिकारी तबादला किया गया है। बता दें कि सुधीर कालड़ा इससे पहले भी जिले में बतौर शिक्षा अधिकारी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इसी तरह जिला परियोजना समन्वयक यानि डीपीसी ज्योति रानी उप जिला शिक्षा अधिकारी से पदोन्नति के बाद जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अंबाला बन गई हैं। वह जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा की जगह पदभार संभालेंगी। इसके साथ ही जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय का अतिरिक्त कार्यभार भी संभालेंगी।

---

**कार्यक्रम** | प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन से लेकर 2 अक्तूबर तक देश में मनाया जा रहा सेवा पखवाड़ा

*सेवा पखवाड़े के तहत दो स्वास्थ्य शिविरों में लोंगो की हुई जांच*

# मंत्री विज ने सिविल अस्पताल और हरिनगर में आयोजित शिविरों का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला


अंबाला। जांच शिविर के दौरान कर्मियों से बातचीत करते मंत्री अनिल विज।

मंत्री अनिल विज ने कहा कि सेवा पखवाड़े क तहत अंबाला छावनी में अलग-अलग स्थानों पर आयोजित किए जा रहे स्वास्थ्य जांच शिविरों का लोगों को लाभ मिल रहा है। इन शिविरों में विभिन्न प्रकार के टेस्ट की सुविधा उपलब्ध है। ऊर्जा मंत्री ने सुबह सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत बीडी फ्लोर के निकट हरी नगर सिंह सभा गुरुद्वारा में भाजपा द्वारा लगाए गए स्वास्थ्य जांच शिविर का अवलोकन किया। इससे पहले ईएसआई हेल्थ केयर, श्रम विभाग द्वारा नागरिक अस्पताल अंबाला छावनी में आयोजित किए गए दो दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन किया। विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 सितंबर को जन्मदिन से लेकर 2 अक्तूबर को लाल बहादुर शास्त्री व महात्मा गांधी के जन्मदिन तक देश में सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहें हैं। नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्ण कौर, भाजपा नेता जसबीर सिंह जस्सी, बिजेंद्र आदि मौजूद रहे।

#### पर्यावरण संरक्षण का संदेश

उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के तहत पेड़ लगाने का, स्वच्छता के तहत सफाई व्यवस्था, रक्तदान शिविर व स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में अंबाला छावनी में दो जगहों पर स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया गया है जिसमें नागरिक अस्पताल व बीडी फ्लोर मील के निकट हरीनगर सिंह सभा गुरुद्वारा में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि अंबाला छावनी में चार मंडल है, जिनमें सभी अपने-अपने कार्यक्रम आयोजित कर रहें हैं।

#### सैकड़ों का स्वास्थ्य जांचा

बताया कि स्वास्थ्य जांच शिविर के दौरान जो गंभीर बीमारी के मरीज पाए जा रहे है, उन्हें रेगुलर ट्रीटमेंट के लिए नागरिक अस्पताल में रेफर किया जा रहा हैं। काफी संख्या में लोग स्वास्थ्य शिविर में पहुंचकर अपने स्वास्थ्य की जांच करवा रहे हैं। इससे पहले कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने नागरिक अस्पताल में ईएसआई हेल्थ केयर, श्रम विभाग द्वारा आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन करते हुए शिविर का अवलोकन किया व मरीजों से बातचीत की। शिविर में आसपास क्षेत्रों से सैकड़ों श्रमिकों ने स्वास्थ्य जांच करवाई।